जूनियर डॉक्टरों ने अटेंडर को पीटा

जूनियर डॉक्टरों का हाई बोल्टेज ड्रामा

नवभारत न्यूज

दतिया, 13 मई। जिला अस्पताल के आर्थो वार्ड में 'जूनियर डॉक्टरों हाई बोल्टेज ड्रामा हुआ। जूनियर डॉक्टरों ने अटेंडर को पीटा, कमरे में बंधक बनाय, एक युवक ने फांसी लगाने की कोशिश की, पुलिस ने ताला तोड़कर बचाया। सोशल मीडिया पर जमकर वीडियों बायरल हो रहा।

युवक ने की फांसी लगाने की कोशिश

दतिया मेडिकल कॉलेज के ऑर्थो वार्ड में मंगलवार रात मरीज के एक अटेंडर के साथ मारपीट और उसे ड्यूटी रूम में बंधक बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि परेशान होकर युवक ने कमरे में फांसी लगाने की कोशिश भी की है। सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस पहुंची और ताला तोड़कर युवक को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, बरगाय निवासी प्रदीप पाल अपने चाचा का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के मुताबिक, किसी बात को लेकर प्रदीप की जूनियर डॉक्टरों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद 6-7 जूनियर डॉक्टरों ने प्रदीप के साथ मारपीट की और उसे ड्यूटी रूम में बंद कर दिया। घटनाक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज में देर रात तक तनाव की स्थिति बनी रही। कई मरीज इलाज के लिए परेशान होते रहे। कुछ वीडियो में मरीज और उनके परिजन मदद की गुहार लगाते नजर आए। परिजनों ने डॉक्टरों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की है।

सेंवढ़ा अनुभाग में जनगणना प्रथम चरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण

दतिया, 13 मई। कलेक्टर स्वप्निल वानखडे के निर्देशन में सेंवढ़ा अनुभाग में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत एवं सुव्यवस्थित रूप से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में एसडीएम अशोक अवस्थी द्वारा समस्त सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं परिश्रम की सराहना की गई। एवं सम्मान पत्र भेंट किया गया। एसडीएम अवस्थी ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में सभी कर्मचारियों ने पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ अपनी भूमिका निभाई। टीम के बेहतर समन्वय एवं प्रतिबद्धता के कारण ही निर्धारित समय में कार्य पूर्ण किया जा सका। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जनगणना कार्य को शासन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

कट्टाधारी बदमाशों के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही

एक दिन में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 4 बदमाशों को अवैध हथियारों सहित किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

दतिया, 13 मई। जिले में अवैध हथियार धारियों, असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों द्वारा अवैध हथियार लेकर वारदात की नीयत से घूम रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली टीआई धीरेन्द्र मिश्रा को सूचना प्राप्त हुई कि मंगल ढाबा के पीछे रेलवे क्रॉसिंग के पास एक व्यक्ति वारदात की फिराक में अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी अजय यादव पिता अरविंद यादव निवासी ग्राम निरावल थाना सिविल लाइन दतिया को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा राउंड बरामद किया गया।

थाना सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक बीडी कॉलोनी भांडेर रोड क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक वैभव गुप्ता एवं पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी करण अहिरवार पिता फूल सिंह अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी राजीव नगर दतिया को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 120/26 धारा आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार थाना इंदरगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कामद रोड पीजी कॉलेज के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर खड़ा है। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित शर्मा को पकड़कर उसके कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा राउंड जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 116/26 धारा 25(1)ए आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वहीं थाना उनाव पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी निवासी ग्राम पथरा थाना उनाव के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध कट्टा बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25(1-ठ)() आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

दतिया पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने एवं अपराध करने की नीयत से घूमने वाले बदमाशों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानीध्रोकथाम हेतु समस्त थाना क्षेत्रों के प्रमुख मार्ग, चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की जा रही है।

एक नजर में

गौतम गंभीर दतिया पहुंचे

दतिया, 13 मई। भारत को तीन विश्व कप दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर दतिया पहुंचे। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी होने के साथ-साथ वे बेहद सरल, सहज और उदार हृदय व्यक्तित्व के धनी हैं। दतिया प्रवास के दौरान उन्होंने पीताम्बर पीठ में मां पीतांबरा माई के दर्शन किए तथा मन्दिर में भगवान बालकांडेश्वर के दर्शन कर पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया।

जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर कार्यवाही

दतिया। दतिया जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर जिला प्रशासन और खनिज विभाग लगातार सख्त कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में खनिज विभाग, खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिला खनिज अधिकारी प्रदीप भूरिया के नेतृत्व में जिले में रेत के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण पर कार्यवाही करते हुर्ये 10 मई को 02 ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर पुलिस थाना कोतवाली एवं थाना पण्डोखर में, 12 मई को को 01 ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर पुलिस थाना गोंदन में तथा 13 मई बुधवार को 02 ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर पुलिस थाना कोतवाली एवं थाना सिनावल की अभिरक्षा में रखे गए है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफअभियान सतत रूप से जारी रहेगा और भविष्य में भी इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मेरी आवाज ही पहचान है ग्रुप ने बांधा समां

दतिया। शहर के प्रसिद्ध म्यूजिकल ग्रुप च्मेरी आवाज ही पहचान हैज्ज की ओर से मंगलवार रात रावतपुरा इंजीनियरिंग कॉलेज के कल्चरल हॉल में फिल्म संगीत एवं कराओके सिंगिंग का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों ने देर रात तक सुरीले गीतों का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शांतनु अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि अमित अग्रवाल रहे। इसके बाद संजय श्रीवास्तव एवं वीरेंद्र चतुर्वेदी ने मंच पर ग्रुप का टाइटल सॉन्ग च्मेरी आवाज ही पहचान हैज्ज प्रस्तुत कर समां बांध दिया। संगीत संध्या में ग्वालियर से आए अतिथि कलाकार रियाज सिद्दीकी, स्वाति जोगलेकर, सत्येंद्र शर्मा, अर्चना आनंद साठे, सोनू समद एवं लक्ष्मी तिवारी संजय नाहर, अन्नू अंगल, अजय पंजवानी, गोस्वामी, ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के समापन दौर में सभी प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दर्श सावला साइंस ग्रुप में जिले में प्रथम, माही गुप्ता द्वितीय

दतिया, 13 मई। सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। रासजेबी पब्लिक स्कूल के छात्र दर्श सावला ने 91: अंक प्राप्त कर साइंस ग्रुप में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं छात्रा माही गुप्ता ने 90.8: अंकों के साथ जिले में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के कुल 12 विद्यार्थियों ने 80: से अधिक अंक प्राप्त किए। इनमें निशांत यादव (86.8:), अभय गुप्ता (85.8:), योग्यता गुप्ता (85.2:), कपिल यादव (84.8:), उदय गुप्ता (84.8:), काव्या गुप्ता (83.6:), दिव्यांश दुबे (81.6:), कृष्णा यादव (81.0:), मन्नत अडवानी (80.6:) एवं सुमित अडवानी (80.2:) प्रमुख रहे। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दैहिक देविक एवं भौतिक तापों से हजारों श्रद्धालु पा रहे छुटकारा

ग्राम बागपुरा शिवोहम धाम पर

नवभारत न्यूज

उनाव, 13 मई। भांडेर तहसील मुख्यालय से दबोह भांडेर मार्ग पर करीब 05 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बागपुरा में स्थित शिवोहम धाम पर होने वाले चमत्कारों की चर्चा धीरे धीरे क्षेत्र सहित अन्य राज्यों तक पहुंच गई है। यहां पर स्थित श्री हनुमान जी महाराज एवं संन्यासी बाबा की कृपा से प्रति मंगलवार को क्षेत्र, प्रदेश एवं अन्य राज्यों से आए हजारों श्रद्धालु दैहिक देविक एवं भौतिक तापों की अर्जी लगा कर अपनी जटिल से जटिल समस्याओं से छुटकारा पा रहे हैं।

यूं तो दतिया में विराजमान श्री पीतांबरा माई की धार्मिक नगरी मिनी वृंदावन धाम के नाम से विख्यात है। साथ ही जिले में धार्मिक स्थलों में श्री रतनगढ़ माता मंदिर, सेवढ़ा में सनत सनंदन सनत कुमार की तपोस्थली, खेरी वाली माता, गुप्तेश्वर महादेव, पण्डोखर सरकार धाम, रामगढ़ वाली माता सहित अनेक धार्मिक रमणीक एवं दार्शनिक स्थान है। अब बागपुरा गांव के शिवोहम धाम के चमत्कारों की चर्चा भी श्रद्धालुओं में व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाघपुरा गाँव में एक छोटा सा मंदिर है इस मंदिर को शिवोहम धाम के नाम से जाना जाता है। ग्रामीणों और धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं की माने तो यहां पर बिराजमान हनुमान जी महाराज एवं श्री 1008 श्री सन्यासी बाबा की कृपा से बड़ी बड़ी समस्याओं से संघर्ष कर रहे लोगों को समस्याओं से छुटकारा मिलता है और लोगों के बिगड़े काम बनते है।

बागपुरा गांव में आस्था का अखंड मेला लगता है इस मेले में भारत के कई राज्यों से श्रद्धालू अपनी-अपनी समस्याओं और मनोकामनाओं को लेकर पहुंचते हैं और बड़ी से बड़ी बीमारियों से ग्रसित लोगों की बीमारियां मात्र यहां मंदिर में बिराजमान हनुमान जी महाराज एवं 1008 श्री सन्यासी बाबा के दर्शन मात्र से बीमारियो से छुटकारा मिल जाता है।

ग्रामीण और श्रद्धालु बताते हैं कि यहां पर किसी प्रकार की आँखों की समस्या हो तो आखों में मात्र जल डालने से वह समस्या खत्म हो जाती है। बताया गया है कि किसी महिला को पुत्र रत्न की प्राप्ति नहीं हुई है तो धाम के गुरु जी द्वारा निःशुल्क दबा दी जाती है। इस दबा के प्रभाव से महिलाओं की गोद भर जाती है। वही केंसर जैसी गंभीर बीमारी के लिए भी गुरुजी द्वारा दबा दी जाती है दबा के प्रभाव और सन्यासी बाबा के आशीर्वाद से केंसर जैसी बीमारी से भक्तों को निजात मिलती है। धाम परिसर में आने वाले भक्तों को भूत, प्रेत बाधा से भी मुक्ति मिलती है इसके कई प्रमाण देखने को मिले हैं।

दीपावली की पड़वा को हर वर्ष लगता है विशेष दरबार

आपको बता दें कि हर मंगलवार को गुरुजी द्वारा धाम में दरबार लगाया जाता है दरवार में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी समस्याओं को लेकर अर्जी लगा कर लाभ पाते हैं। बागपुरा गांव मे स्थित शिवोहम धाम पर दीपावली की पडवा को हर वर्ष विशेष दरवार लगता है इसमें हजारों की संख्या में भारत के कई राज्यों से भक्त पहुंचते हैं इसी दिन धाम पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है इसमें आसपास और दूर दराज के हजारों भक्त भंडारा प्रसादी पाते हैं।

अब नि:शुल्क शव वाहन सेवा से सम्मानपूर्वक पहुंचेगा पार्थिव शरीर

दतिया, 13 मई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले की शासकीय चिकित्सा संस्थाओं में इलाज के दौरान मृत्यु होने वाले व्यक्तियों के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान, श्मशान घाट अथवा कब्रिस्तान तक पहुंचाने हेतु निःशुल्क शव वाहन सेवा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का लाभ जिले भर की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में सेवा उपलब्ध रहेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कई बार परिजनों को मृत्यु उपरांत पार्थिव शरीर को घर या अंतिम संस्कार स्थल तक ले जाने में आर्थिक एवं परिवहन संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह मानवीय एवं जनहितैषी पहल शुरू की गई है।जिले की समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं को इस सेवा से जोड़ा गया है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को त्वरित सहायता मिल सके। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित स्वास्थ्य संस्था से अथवा टोल फ्री नं. 155334 पर संपर्क कर इस सुविधा का लाभ लिया जा सकता है।

जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : शेजवार

नवभारत न्यूज

दतिया, 13 मई। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में चलाए जा रहे च्जल गंगा संवर्धन अभियानज्ज के अंतर्गत दतिया जिले के भांडेर ब्लॉक में सोहन सेक्टर में आगामी 25 मई को होने वाले कलश यात्रा को लेकर सैक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनभागीदारी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला समन्वयक मुनेंद्र शेजवार ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर सहयोग करना चाहिए।

बैठक में तालाब, बावड़ी एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, वर्षा जल संचयन तथा श्रमदान के माध्यम से अभियान को गति देने पर जोर दिया गया। साथ ही लोगों को जल बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में चंद्रशेखर तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

बैठक के उपरांत सभी ने ग्रामीण जन के साथ मिलकर ग्राम सोहन में स्थित तालाब पर श्रमदान किया इस अवसर पर परामर्शदाता ऋषि नामदेव, प्रदीप भार्गव एवं प्रस्फुटन समिति बोदर, धोड, चांदनी तालगांव के अध्यक्ष सचिव सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी पकड़ा

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़, 13 मई। पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खंडेलवाल के निर्देशन में जिले में अवैध हथियार के विरुध्द कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे एवं एसडीओपी सेवढा अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव शर्मा एवं उनकी टीम के व्दारा आरोपी रोहित शर्मा को पकड़ा कब्जे एक 315 बोर का कट्टा मय 1 जिंदा राउण्ड के जप्त किया । घटना का संक्षिप्त विवरण- को मुखविर की सूचना मिली की कामद रोड पीजी कॉलेज के पास एक व्यक्ति वारदात करने के नियत से कट्टा लिये खड़ा है ।

मुखविर की सूचना पर इंदरगढ पुलिस व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, कामद रोड पीजी कॉलेज के पास इंदरगढ पहुंचकर मुखविर के हुलिया अनुसार एक व्यक्ति को पकड़ा जिसकी तलाशी लेने पर कमर में एक 315 बोर का कट्टा खुरसे मिला जिसका वैध लायसेंस न होने से एक 315 बोर का कट्टा मय 1 जिंदा राउण्ड के जप्त किया आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 116/26 धारा 25(1)ए आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया । उक्त कार्यवाही में- निरीक्षक गौरव शर्मा थाना प्रभारी इंदरगढ, सउनि मनीष अतरौलिया, प्रआर 313 राघवेन्द्र गुर्जर , आर 268 प्रवीण परिहार, आर 863 मंजेश त्यागी , आर 722 प्रमोद गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

अब बिजली विभाग आएगा आपके द्वार

दतिया, 13 मई। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित च्संपर्क अभियान 2026ज्ज अब दतिया जिले में जनसंपर्क और जनसमाधान का सबसे बड़ा माध्यम बन चुका है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु 14 मई को जिलेभर में 13 अलग-अलग स्थानों पर वृहद जनसेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

जिले में आज विद्युत सेवाओं का वृहद समाधान अभियान

महाप्रबंधक, दतिया वृत्त ने बताया कि विभाग का लक्ष्य उपभोक्ताओं को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। अब तक विभागीय अमले ने डोर-टू-डोर संपर्क के जरिए कुल 13,422 घरों तक पहुंचकर उपभोक्ताओं से सीधा संवाद किया है। इस दौरान प्राप्त 311 आवेदनों का निराकरण कल आयोजित होने वाले शिविरों में प्राथमिकता के आधार पर मौके पर ही किया जाएगा।

इन स्थानों पर लगेंगे शिविर : जिन स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जायेगा उसमें सीतापुर, बड़ौनी, दतिया ग्रामीण, बसई, दतिया शहर, उदगवां, उनाव, इंदरगढ़ प्रथम एवं द्वितीय, सेवढ़ा, थरेट, भांडेर एवं सालोन वितरण केंद्रों के अंतर्गत चयनित स्थाल शामिल है। इन शिविरों में बिल सुधार, बकाया राशि जमा करने की सुविधा, नए विद्युत कनेक्शन, लोड व नाम परिवर्तन, ई-केवाईसी, मीटर संबंधी शिकायतों का निराकरण और स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली का लाइव डेमो दिया जाएगा।

दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

इंदरगढ़, 13 मई। दतिया पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे वं एसडीओपी सेवड़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना अतरेटा पुलिस द्वारा दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।थाना अतरेटा में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 06/26 में आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस टीम द्वारा लगातार उनकी तलाश की जा रही थी।इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपी संतोष पुत्र मान सिंह, निवासी ग्राम मरसेनी खुर्द, जसवंत पुत्र भरत सिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम मरसेनी खुर्द को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।गिरफ्तारी उपरांत दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से न्यायालय के आदेशानुसार उन्हें न्यायिक हिरासत में उप-जेल सेवड़ा भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में-उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह थाना प्रभारी अतरेटा, उप निरीक्षक शाकिर खान थाना प्रभारी भगवापुरा, एएसआई राजबहादुर, हवलदार अशोक तथा आरक्षक देवेंद्र, शुभांशु एवं जगेंद्र की सराहनीय भूमिका रही।

थाना थरेट पुलिस ने किया अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़, 13 मई। आदतन अपराधी गिरफ्तार और करीबन 01 लाख रुपये कीमती लहान नष्ट किया पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खंडेलवाल के निर्देशन में जिले में अवैध शराब, जुआ एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे एवं एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थरेट उप निरीक्षक अरविंद्र भदौरिया एवं पुलिस द्वारा अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री पर प्रभावी कार्यवाही की गई।

13 मई को थाना थरेट पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चीनावम्वा स्थित कंजर डेरे पर अवैध शराब बनाने का कार्य किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल दबिश दी गई। दबिश के दौरान आरोपी रतनलाल कंजर पुत्र नीमसिंह कंजर निवासी कंजर डेरा, चीनावम्वा थाना थरेट के कब्जे से एक प्लास्टिक ड्रम में 60 लीटर कच्ची शराब, 10 प्लास्टिक ड्रम एवं शराब बनाने में प्रयुक्त दो पीपानुमा भट्टियां जप्त की गईं।साथ ही अन्य आरोपी अर्जुन कंजर पुत्र केबल सिंह कंजर उम्र 19 वर्ष निवासी कंजर डेरा, चीनावम्वा थाना थरेट के कब्जे से एक प्लास्टिक कैन में 20 लीटर देशी हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब बरामद की गई।मौके पर लगभग 3000 लीटर गुड़लाहन, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1,00,000/- थी, को नष्ट किया गया।

पुलिस द्वारा आरोपी रतनलाल कंजर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी रतनलाल कंजर आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व से अवैध शराब, अवैध हथियार एवं मारपीट के तीन प्रकरण दर्ज हैं। सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थरेट, उनि. अरविंद सिंह, उनि. हरेंद्र सिंह भदौरिया, प्र.आर. 393 सुरेंद्र, प्र.आर. 591 विनोद विमल, प्र.आर. 103 प्रकाश, आरक्षक 118 मुकेश रावत, आरक्षक 812 अंकित भदौरिया, आरक्षक 56 प्रदीप राणा, महिला आरक्षक 970 नीतू एवं आरक्षक 735 राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।